संख्या-90/941/84-डे0ई0-13-979/12

प्रेषक,

धर्म चन्द्र पाण्डेय,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

मुख्य कोषाधिकारी,
जवाहर भवन, लखनऊ ।

उपभोक्ता संरक्षण एवं बाँट माप डे0ई0 लखनऊ :: दिनांक 12 दिसम्बर, 2013

विषय:- श्री रवीन्द्र कुमार, सेवानिवृत्त समीक्षा अधिकारी, उपभोक्ता संरक्षण एवं बाँट माप विभाग के स्वयं के हृदय रोग के उपचार पर व्यय हुयी धनराशि चिकित्सा प्रतिपूर्ति के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि श्री रवीन्द्र कुमार, सेवानिवृत्त समीक्षा अधिकारी, उपभोक्ता संरक्षण एवं बाँट माप विभाग उ0प्र0 सचिवालय को उ0प्र0 सरकारी सेवक परिचर्या नियमावली तथा चिकित्सा अनुभाग-6 के शासनादेश संख्या-2275/पांच-6-2011-1082/87, दिनांक 20 सितम्बर, 2011 में निहित प्राविधानों के अन्तर्गत हृदय रोग का दिनांक 16 मार्च, 2011 से दिनांक 20 जून, 2012 तक कराये गये उपचार पर स्वयं द्वारा व्यय की गयी धनराशि रू0 25,787.00 (रूपये पच्चीस हजार सात सौ सत्तासी मात्र) के सापेक्ष प्रभारी चिकित्साधिकारी उ0प्र0 सचिवालय द्वारा दावे का तकनीकी परीक्षणोंपरान्त अनिवार्यता प्रमाण पत्र एवं प्रश्नगत चिकित्सा प्रतिपूर्ति हेतु संस्तुति की गई धनराशि रू0 25,783.00 (रूपये पच्चीस हजार सात सौ तिरासी मात्र) के प्रतिपूर्ति/भुगतान की एतद्द्वारा स्वीकृति प्रदान की जाती है।

2- उक्त भुगतान के पूर्व यह सुनिश्चित कर लिया जाय कि इस संबंध में कोई अग्रिम धनराशि पूर्व में तो नहीं स्वीकृत की गयी है। यदि कोई अग्रिम धनराशि पूर्व में स्वीकृत की गयी है तो समायोजित कर लिया जाय। (मूल बिल बाउचर्स संलग्न कर प्रेषित है।)

3- उपरोक्त स्वीकृति के फलस्वरूप होने वाला व्यय भार को वित्तीय वर्ष 2013-14 के आय-व्ययक के अनुदान संख्या 62 के अन्तर्गत लेखाशीर्षक 2071-पेंशन तथा अन्य सेवानिवृत्ति 01 सिविल-800-अन्य व्यय 04-राज्य सरकार के सेवानिवृत्ति कर्मचारियों व अधिकारियों तथा राज्य सरकार के अधीन अखिल भारतीय सेवाओं के अधिकारियों व उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के विशेष चिकित्सा उपचार हेतु सहायता-01 दिनांक 08 नवम्बर, 2000 तक सेवानिवृत्त कर्मचारियों व अधिकारियों तथा उनके आश्रितों को विशेष चिकित्सा उपचार हेतु सहायता-42 अन्य व्यय" के नामे डाला जायेगा ।

भवदीय,

(धर्म चन्द्र पाण्डेय)
अनु सचिव।

http://sansadesh.upnic.in/

संख्या-90/941(1)/84-डे0ई0-13तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्न लिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार, उ0प्र0 इलाहाबाद।

2- श्री रवीन्द्र कुमार, सेवानिवृत्त समीक्षा अधिकारी 279/13"क" मनोरमा भवन, पानदरीबा लखनऊ।

3- कार्यालय आदेश पुस्तिका ।

आज्ञा से,

(धर्म चन्द्र पाण्डेय)
अनु सचिव ।

http://shasanadesh.up.nic.in/